आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 23.10.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम को देवभूमि रजतोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।
- सरकारी स्वामित्व वाली बीएसएनएल ने ग्राहकों को लुभाने के लिए सात नई ग्राहक केंद्रित सेवाएं शुरू की।
- युवाओं की आवश्कयताओं और चुनौतियों को ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार जल्द ही एक बेहतर युवा नीति बनायेगी।
- और....खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग अगले दस दिन प्रदेश भर में मिलावट खोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाएगा।

राज्य स्थापना दिवस

उत्तराखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम को देवभूमि रजतोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। रजतोत्सव के कार्यक्रमों की कड़ी छह नवम्बर से शुरू होकर बारह नवम्बर तक चलेगी। इस दौरान समाज के विभिन्न पक्षों को आमंत्रित कर उनसे जुड़ी प्रेरक गतिविधियों को समाज के सामने रखा जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित बैठक में राज्य स्थापना दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रमों में स्थानीय जनमानस सहित प्रवासियों को भी भागीदार बनाए जाने पर जोर दिया। रजतोत्सव कार्यक्रमों की शुरूआत नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड भवन से होगी।

*आगामी छह नवंबर को दिल्ली में उत्तराखंड भवन के लोकार्पण और 7 नवंबर को देहरादून में उत्तराखंड प्रवासी सम्मेलन से रजतोत्सव की शुरूआत होगी। 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस और 12 नवंबर तक देवभूमि रजतोत्सव उत्तराखंड रजतगाथा से संबंधित कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में राज्य के हर वर्ग के लोगों सहित प्रवासियों को भी भागीदार बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखंड हर एक क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहा है इसीलिए 6 नवंबर से 12 नवंबर तक विभिन्न दिवसों में समाज के विभिन्न पक्षों को आमंत्रित किया जाए और उनसे जुड़ी प्रेरक गतिविधियों को संपादित किया जाए। गौरतलब है कि देवभूमि रजतोत्सव उत्तराखंड रजतगाथा इस वर्ष 9 नवम्बर से शुरू होगी और एक वर्ष तक इसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इसका समापन वर्ष 2025 में कुमाऊं मंडल में होगा।*

बीएसएनएल नई सेवांए

भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए नई ग्राहक–केन्द्रित सेवाएं शुरू की हैं। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 4जी की शुरूआत के बाद से बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या पिछले छह महीने में 75 लाख से बढकर एक करोड़ 80 लाख हो गई है। बीएसएनएल का नया शुभंकर शक्ति, विश्वास और सुगमता का प्रतीक है। नए प्रतीक चिन्ह के अलावा, देश में संचार सुविधाओं के विस्तार के साथ–साथ डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीएसएनएल की सात नई सेवाएं भी शुरू की गई हैं। इनमें स्पैम–मुक्त नेटवर्क, नेशनल वाई–फाई रोमिंग, इंट्रानेट फाइबर टीवी, एनीटाइम, कियॉस्क, डायरेक्ट–टू–डिवाइस सेवा, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा राहत, और खदानों में पहला 5जी की सुविधा शामिल है। राष्ट्रीय वाई–फाई रोमिंग सुविधा अपने फाइबर टू द होम ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बीएसएनएल हॉटस्पॉट पर मुफ्त हाई स्पीड इंटरनेट एक्सेस प्रदान करेगी। बीएसएनएल ने खनन कार्यों के लिए 5जी नेटवर्क की भी शुरूआत की है।

## गंगा महोत्सव हरिद्वार

आगामी 4 नवंबर को हरिद्वार में गंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष केंद्र सरकार की ओर से 4 नवंबर को इसका आयोजन किया जाता है। इस बार इसके आयोजन के लिए हरिद्वार को चुना गया है। नमामि गंगे परियोजना के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने हरिद्वार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि गंगा महोत्सव के माध्यम से गंगा के विभिन्न पहलुओं को लोगों के समक्ष रखा जाएगा।

## सकल घरेलू उत्पाद

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत बनाए रखी है। विश्व की आर्थिक स्थिति के बारे में नवीनतम अनुमान में आईएमएफ ने कहा है कि अगले वित्तीय वर्ष 2025–26 में भारत की वृद्धि दर साढे छह प्रतिशत रहने की संभावना है। डेलॉइट इंडिया ने भी अपने नवीनतम आर्थिक अनुमान में भारत की वृद्धि दर चालू वित्तीय वर्ष में सात और सात दशमलव दो प्रतिशत की रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

## समर्थ पोर्टल

उच्च शिक्षा विभागा के अन्तर्गत राज्य विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में किन्हीं कारणों से प्रवेश न ले सकने वाले छात्रों के लिए 24 और 25 अक्टूबर को समर्थ पोर्टल एक बार फिर से खोला जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत की ओर से इस संबंध अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## रेखा आर्या

युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि प्रदेश में एक बेहतर युवा नीति बनाई जाएगी। इस नीति को 12 जनवरी 2025 को युवा दिवस के दिन धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा। इस नीति में युवाओं से संवाद कर उनकी  क्षेत्रवार समस्याओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल किया जाएगा। देहरादून में आयोजित बैठक में श्रीमती आर्या ने युवा नीति के प्रस्ताव का अध्ययन कर अनेक पहलुओं पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि युवा नीति में विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों से आने वाले युवाओं के सुझाव लिए जांएगे। नीति में युवाओं की आवश्यकताओं और चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्रीमती आर्या ने बताया कि युवा नीति से संबंधित सुझावों के लिए प्रश्नोत्तरी बनाने को भी अधिकारियों को कहा गया है। उन्होंने युवा नीति में युवाओं की आयुसीमा में भी परिवर्तन कर 15 वर्ष से 35 वर्ष तक के युवाओं को युवा नीति में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

## सघन अभियान

खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग त्योहारी सीजन को देखते हुए अगले दस दिन प्रदेश भर में मिलावट खोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसके लिए अधिकारियों को टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित बैठक में डॉ. रावत ने खासकर मैदानी जिले देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में खाद्य पदार्थों की अधिक सैंपलिंग करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री में खाद्य पदार्थों और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए हैं।

## प्रशिक्षण

प्रोग्राम फॉर सिविल सर्वेंट आफ बिम्सटेक के तहत भूटान, श्रीलंका, म्यांमार और नेपाल के प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार पहुंचे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह और अन्य अधिकारियों ने जिले की नागरिक और पुलिस प्रशासन की व्यवस्था, प्रशासनिक ढांचे तथा विकासात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षुओं को प्रशासनिक योजनाओं के धरातलीय कार्यान्वयन के बारे में भी जानकारी दी गई।

## आपदा प्रबंधन कार्यशाला

बागेश्वर जिले में आपदा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय कांडा में आपदा प्रबंधन को लेकर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान हिमालयी क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन के साथ ही संभावित खतरों को बचाव के लिए जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में दो सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. उमा पांडेय पलड़िया ने कहा

कि आपदा से निपटने के लिए हर व्यक्ति का तैयार होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि  गोष्ठी का उद्देश्य हर घर में एक व्यक्ति आपदा के बारे में अनुभव देना है ताकि आपदा के समय लोगों को सुरक्षित रख उनकी मदद की जा सके।

आपदा प्रबंधन समीक्षा

चमोली जिले में आपदा प्रबंधन से जुड़े कामों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला सभागार में आपदा प्रबंधन कार्यो की समीक्षा लेते हुए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने यह निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका जोशीमठ में भूधसाव के बाद किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों जैसे सिवरेज, ड्रेनेज, टो–इरोजन और ढलान स्थिरीकरण के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। श्री रूहेला ने आपदा में क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों का मुआवजा प्रभावितों में बांटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी निर्माण कार्य में कोई कमी रह गई है तो उसको दूर किया जाए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा लेते हुए उपाध्यक्ष ने दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं और वृद्धजनों की मैपिंग करने और उनका समय पर उपचार करने के साथ ही उनके लिए दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

और अब संक्षिप्त समाचार

हरिद्वार जिले में उप जिलाधिकारी लक्सर गोपाल सिंह चौहान ने राजस्व टीम के साथ रामपुर रायघटी ग्राम क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने 10 खनिज स्टॉकों को सीज किया और दो लोडर व दो डंपर भी सीज किए।

पहाड़ों की रानी मसूरी की मॉल रोड पर जल्द ही गोल्फकार्ट की सेवा शुरू की जाएगी। इससे आने वाले पर्यटक मसूरी में घूमने का आन्नद उठा सकेंगे।

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने मसूरी में झड़ीपानी, बार्लोगंज, एकेडमी गेट बस सेवा शुभारंभ किया।